प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्रीय अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन से जुडे दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किये। बिल पेश करने के बाद सदन में श्री रिजिजू ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति में इस बिल को लेकर व्यापक चर्चा हुई है। बिल को लेकर 284 डेलिगेशन ने सुझाव दिए और 25 राज्यों की सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने इस बिल को लेकर अपनी बात रखी है। साथ ही संविधान विशेषज्ञ और कानून के जानकारों के सुझाव भी बिल में शामिल किए गए है। श्री रिजिजू ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक देश के हित में है। उन्होंने सभी से समर्थन की उम्मीद जताई। श्री रिजिजू ने विपक्ष पर इस विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

00000

देशभर में नवरात्र का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पर मां दुर्गा की एक स्तुति साझा की है। उन्होंने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को समर्पित इस स्तुति को सुनने का सबसे आग्रह किया है।

00000

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने देश के युवाओं से राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में विकसित भारत युवा संसद को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि देश के युवा भारत को विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय है– विकसित भारत। श्री मांडविया ने युवाओं से राष्ट्र के विकास में योगदान देने की अपील की है। इन युवाओं का चयन देश के 300 जिलों से किया गया है। युवा संसद इन युवाओं को देश के लोकतांत्रिक स्वरूप को समझने का अवसर देगी।

00000

देशभर में टोल शुल्क की दरें चार से पांच प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार, इससे राजमार्गों के रख–रखाव और उनके विस्तार में मदद मिलेगी। प्राधिकरण ने बताया कि कारों के लिए मासिक पास की दरों को बढाकर 950 रुपये कर दिया गया है पहले यह दर 930 रूपये प्रतिमाह थी। ये संशोधित दरें देशभर में एक्सप्रेस–वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू हो गई है।

00000

राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत बालोतरा जिले में आज महिला पुलिस थाने का शुभारंभ हुआ। स्थानीय विधायक अरुण चौधरी और पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने महिला थाने का उद्घाटन किया। महिला पुलिस थाना खुलने से जिले में महिला अत्याचार में कमी और महिलाओ से जुड़े प्रकरणों का जल्द निस्तारण हो सकेगा।

00000

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी ने आरएएस–2023 मुख्य परीक्षा में असफल रहे अभ्यर्थियों को प्राप्तांकों की पुनर्गणना का अवसर दिया है। इसके लिए अभ्यर्थी कल से 12 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है। री टोटलिंग के लिए अभ्यर्थियों को प्रति प्रश्न 25 रुपये शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि केवल प्राप्तांकों की पुनर्गणना की जाएगी, उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

00000

प्रदेश में एक बार फिर पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो दिन प्रदेश के पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हिस्सों में बादल छाए रहने की संभावना है। वहीं कल से जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पिछले 48 घंटो में अधिकांश भागों में तापमान में 3 से 5 डिग्री बढ़ोतरी दर्ज हुई है। बीते 24 घंटों में प्रदेश में सबसे ज्यादा 40 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। माउंट

आबू अलवर, सीकर और करौली को छोड़कर बाकी शहरों का दिन का तापमान 35 डिग्री के पार पंहुच गया। विभाग ने 5 अप्रेल को बाड़मेर, जैसलमेर और आसपास के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सैल्सियस पर पंहुचने और कहीं–कहीं हीटवेव चलने की संभावना जताई है।

00000

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि 2 हजार रुपये के 98 दशमल दो एक फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6 हजार तीन सौ छियासठ करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी लोगों के पास हैं। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2 हजार रुपये मूल्य के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आम लोग देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के माध्यम से 2,000 रुपये के बैंक नोट अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए त्ठप् के किसी भी निर्गम कार्यालय में भेज सकते हैं।

0000